अनुक्रमांक ...................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ................................................ पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2017
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** मछली में श्वॉस लेने के लिए कौन-सा अंग पाया जाता है? **(1)**

(A) फेफड़ा (B) गलफड़ा

(C) त्वचा (D) उपर्युक्त सभी

**2.** 1 गज बराबर होता है- **(1)**

(A) 5 फुट (B) 4 फुट

(C) 3 फुट (D) 2 फुट

**3.** घुलनशील ठोस पदार्थों को द्रव से पृथक् करने की विधि है- **(1)**

(A) छानना (B) निथारना

(C) तलछटीकरण (D) वाष्पन

**4.** पहलवान को भार उठाने में लगने वाला बल है- **(1)**

(A) पेशीय बल (B) विद्युत बल

(C) चुम्बकीय बल (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** चने के बीज का दो हल्के पीले रंग की संरचनाओं का नाम है- **(1)**

(A) बीजचोल (B) भ्रूण

(C) बीजपत्र (D) मूलांकुर

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** जलीय पौधे के तने एवं पत्ती की एक-एक विशेषता बताइए। **(1)**

**7.** कीटभक्षी पौधे की विशेषता व नाम लिखिए। **(1)**

**8.** वृत्तीय गति व घूर्णन गति का एक-एक उदाहरण लिखिए। **(1)**

**9.** सरसों के पुष्प के विभिन्न अंगो के नाम लिखिए। **(1)**

**10.** डॉक्टरी थर्मामीटर में हम मानव शरीर के °C (डिग्री-सेंटीग्रेड) में किस सीमा के अन्तर्गत ताप माप सकते हैं? **(1)**

**11.** पेड़-पौधों में अलैंगिक प्रजनन की विधियों के नाम लिखिए। **(1)**

**12.** पर्वतीय क्षेत्रों में पाये जाने वाले जन्तुओं एवं पौधों में अनुकूलन हेतु क्या-क्या विशेषताएँ होती हैं? लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**13.** गति किसे कहते हैं? गति के कौन-कौन से नियम हैं? लिखिए। **(2)**

**14.** अमरबेल, सिंघाड़ा एवं आर्किड में किस-किस प्रकार की जड़ें सहारा देने वाली होती हैं और वे किस प्रकार एक-दूसरे से भिन्न हैं? **(2)**

**15.** विभिन्न प्रकार के मापक बर्तनों का उपयोग आप कहाँ-कहाँ करते हैं? लिखिए। **(2)**

**16.** ठोस, द्रव एवं गैस की आणविक संरचना का सचित्र वर्णन कीजिए। **(2)**

**17.** बीजों के प्रकीर्णन किस-किस माध्यम द्वारा होते हैं? लिखिए। **(2)**

**18.** बीजों के अंकुरण का नामांकित चित्र बनाइए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/vigyan/2017

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/vigyan/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN